# मेघालय हाईकोर्ट ने जमानत रखी बरकरार, सोनम को मिली राहत

## इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड का मामला

● मेघायल, इंदौर / राज न्यूज नेटवर्क



देशभर में चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी सोनम को बड़ी कानूनी राहत मिली है। मेघालय हाईकोर्ट ने निचली अदालत से मिली जमानत को बरकरार रखते हुए पुलिस की जमानत रद्द करने की याचिका खारिज कर दी है। मेघालय हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सोनम की जमानत रद्द करने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद सोनम की जमानत पर लगी अनिश्चितता समाप्त हो गई है। अदालत ने निचली अदालत के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए जमानत को यथावत रखा। राजा रघुवंशी हत्याकांड लंबे समय से देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसे में मेघालय हाईकोर्ट का यह फैसला मामले में एक महत्वपूर्ण कानूनी घटनाक्रम माना जा रहा है। राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम 21 मई 2025 को हनीमून मनाने शिलांग गए थे। यहां से दोनों 26 मई को सोहरा घूमने गए, जहां दोनों लापता हो गए थे। पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय टीमों ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। 2 जून 2025 को राजा का शव सोहरा के मशहूर वेई सादोंग फॉल्स के पास एक गहरी खाई में मिला था। राजा रघुवंशी की हत्या का आरोप पत्नी सोनम, राज कुशवाहा और तीन हमलावर विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी पर लगे हैं।

# अवैध खनिज कारोबारियों पर 17.45 लाख का जुर्माना लगा

## डस्ट भंडारण व गिट्टी परिवहन के मामलों में की गई कार्रवाई

● छतरपुर / राज न्यूज नेटवर्क

जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने पांच अलग-अलग मामलों में कुल 17 लाख 45 हजार 300 रुपए का अर्थदंड लगाया है। जांच में गिट्टी, मिट्टी और डस्ट के अवैध परिवहन एवं भंडारण के मामले सामने आए। जानकारी के अनुसार विभाग ने जिन पर अर्थदंड लगाया है, उनमें दीपक पटैरिया एवं अन्य पर मिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के लिए 3 लाख 27 हजार रुपए शामिल हैं। कमलेश कुमार तिवारी पर गिट्टी के अवैध परिवहन के मामले में 1 लाख 8 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह से

पीपीएस मिनरल्स एंड स्टोन क्रेशर पर डस्ट के अवैध भंडारण के लिए 10 लाख 80 हजार रुपए, जगदीश चंद्र सोनी पर डस्ट के अवैध भंडारण के लिए 2 लाख 16 हजार रुपए और प्रहलाद सिंह परिहार पर गिट्टी के अवैध परिवहन के लिए 14 हजार 300 रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

# गैस रिसने से लगी आग में तीन सगी बहनें झुलसीं, मकान भी हुआ खाक

## छतरपुर जिले के ग्राम बरुआ में हुई खाना बनाने के दौरान घटना

● छतरपुर / राज न्यूज नेटवर्क

चंदला थाना क्षेत्र के ग्राम बरुआ में सोमवार सुबह गैस सिलेंडर में रिसाव से आग लग गई।

इस हादसे में खाना बना रही तीन सगी बहनें गंभीर रूप से झुलस गईं। आग से पूरा मकान और उसमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम बरुआ निवासी मूलचंद रजक की बेटियां वंदना रजक, रोशनी रजक और उमाकांति रजक रसोई में खाना बना रही थीं।



इसी दौरान गैस सिलेंडर से अचानक रिसाव शुरू हो गया। चूल्हे की चिंगारी से गैस ने आग पकड़ ली, जिससे तीनों बहनें आग की चपेट में आ गईं। तीनों बहनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने से मकान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घर में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस घटना में परिवार को करीब ढाई से तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना के दौरान घर में मौजूद छोटे बच्चों को स्थानीय लोगों और परिजनों ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

### जयंती महोत्सव में शामिल हुए कर्नाटक के राज्यपाल और सीएम

# संत कबीर का संदेश आज भी समाज व राष्ट्र के लिए पथप्रदर्शक : गहलोत

## संत के आदर्शों पर चलकर समाज में समरसता, सेवा की भावना मजबूत होगी: साय





● रायपुर / राज न्यूज नेटवर्क

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राजधानी रायपुर के सोनपैरी स्थित सद्गुरु कबीर आश्रम में कबीर जयंती के अवसर पर आयोजित संत कबीर महोत्सव में भाग लिया। दोनों नेताओं ने गुरु असंग देव का आशीर्वाद लेकर प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ आश्रम परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। गुरु असंग देव ने संत कबीर के विचारों को आज भी समाज के लिए प्रासंगिक बताते हुए सेवा, परमार्थ, गौसेवा, वृक्षारोपण और ग्राम विकास को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति और विकास का नया दौर शुरू हुआ है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों तक विकास की पहुंच बढ़ी है। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कहा कि संत कबीर का सत्य, समरसता और मानव सेवा का संदेश वर्तमान समय में समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कबीर आश्रम द्वारा शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ संत कबीर की तपोभूमि है और उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को प्रेम, भाईचारे और समानता का मार्ग दिखाती हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री की गारंटी के तहत 18 लाख आवासों की स्वीकृति, महिलाओं, विशेष पिछड़ी जनजातियों और आम नागरिकों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है।

# रामलीला, जटायु मोक्ष की प्रस्तुति ने बांधा समां

## नृत्य-नाटिका तथा कवि सम्मेलन कार्यक्रम के रहे प्रमुख आकर्षण का केंद्र

● अंबिकापुर / राज न्यूज नेटवर्क




सरगुजा अंचल की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को समर्पित दो दिवसीय रामगढ़ महोत्सव-2026 के प्रथम दिवस पर संस्कृति, साहित्य और लोककलाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

विविध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नई दिल्ली के कलाकारों की भव्य रामलीला, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय उदयपुर की छात्राओं की जटायु मोक्ष नृत्य-नाटिका तथा कवि सम्मेलन कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे। नई दिल्ली से आए कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को त्रेतायुग की अनुभूति कराई। सशक्त अभिनय, प्रभावी संवाद, आकर्षक वेशभूषा, भव्य मंच सज्जा और मधुर संगीत के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन, सत्य, त्याग और कर्तव्यपरायणता को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौरान दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, उदयपुर की छात्राओं ने ''जटायु मोक्ष'' पर आधारित भावपूर्ण नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। संवेदनशील अभिनय, पारंपरिक वेशभूषा और सुमधुर संगीत के समन्वय ने प्रस्तुति को यादगार बना दिया। छात्राओं के आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।महोत्सव में आयोजित कवि सम्मेलन ने भी श्रोताओं को बांधे रखा। प्रतिष्ठित कवियों ने ओज, वीर, हास्य-व्यंग्य, श्रृंगार और समसामयिक विषयों पर आधारित रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया। राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति और सामाजिक सरोकारों पर आधारित कविताओं ने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया।इसके अलावा सरगुजिहा लोकनृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत और स्वागत गीत सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव की गरिमा बढ़ाई।

स्थानीय कलाकारों ने सरगुजा की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराओं का शानदार प्रदर्शन किया। महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाना तथा नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ना है, जिसे प्रथम दिवस के सफल आयोजन ने सार्थक रूप से सिद्ध किया।

# आकाशीय बिजली गिरने से वृद्ध महिला की मौत

**बालाघाट।** रामपायली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम येरवाघाट में सोमवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। येरवाघाट निवासी 60 वर्षीय फूलन बाई पति श्रावण केरेकार है। फूलन बाई अपने दोनों बेटों के साथ येरवाघाट और येरवाटोला के बीच स्थित खेत में बन रहे मकान के निर्माण कार्य की देखरेख कर रही थीं।

उनके साथ मजदूर भी काम पर लगे हुए थे। शाम करीब 4 बजे के बाद मौसम अचानक खराब हो गया और तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान लगभग 4:30 बजे फूलन बाई मकान से कुछ दूरी पर स्थित एक बबूल के पेड़ के नीचे पानी पीने के लिए गईं। तभी तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।


**महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर**

कमांक // 2/49 सेन्ट्रल टेंडर शाखा / 2026 इन्दौर, दिनांक 23/06/26

**// ई-निविदा सूचना //**

वर्ष 2026-27 में म.गा.स्मृतिं चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बंद्ध महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय इंदौर की वाहन पार्किंग (सायकल, दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन स्टेण्ड ठेका) हेतु निविदा (Tender ID : 2026_DME_514236_1) आमंत्रित की जानी हैं। निविदाकार निविदा से संबंधित संपूर्ण विवरण एवं आवेदन www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर राशि रू. 1000/- + GST अतिरिक्त का ऑनलाइन भुगतान कर अवलोकनार्थ प्राप्त की जा सकती हैं। तिथि एवं शर्तो में परिवर्तन होने पर कोरिजेंडम केवल www.mptenders.gov.in पर ही जारी किया जावेंगा। समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेंगे।

(डॉ. अरविन्द घनघोरिया)
मुख्य कार्यपालन अधिकारी एंव अधिष्ठाता
म.गॉ. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर

G-15035/26
स्वच्छता ही सेवा

**पश्चिम रेलवे स्पेशल ट्रेन के फेरों का विस्तार कर रहा है**

| ट्रेन नं. | मूल स्टेशन एवं गंतव्य | संचालन के दिवस | विस्तारित निम्न तक |
|---|---|---|---|
| 04728 | वलसाड – हिसार | गुरूवार | 30.07.2026 |
| 04727 | हिसार – वलसाड | बुधवार | 29.07.2026 |
| 04736 | लक्ष्मीबाई नगर – श्री गंगानगर | शुक्रवार | 31.07.2026 |
| 04735 | श्री गंगानगर – लक्ष्मीबाई नगर | गुरूवार | 30.07.2026 |

ठहराव के समय और कंपोजीशन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिये, यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर विजिट करें।

आरक्षित टिकटों के लिये कृपया अपना आईडी कार्ड प्रमाणपत्र साथ रखें

ट्रेन नं. 04728 एवं 04736 के फेरों की बुकिंग पीआरएस काउंटर्स और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 30.06.2026 से प्रारंभ होंगी। उपरोक्त ट्रेन स्पेशल किराये पर बतौर स्पेशल ट्रेन संचालित होगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें हमें फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial


## पेज 1 का शेष

### प्रभारी मंत्री जिलों में जाते हैं पर...

हताशा में कांग्रेस तथ्यहीन आरोप लगाने का काम करती है। उसके पार्टी के एक नेता के आरोपों को दूसरे बड़े नेता ही नकार रहे हैं। ऐसे में जनता उन पर क्या विश्वास करेगी।

**सवाल:** पिछले एक साल के अपने कार्यकाल से कितना संतुष्ट है और आगे क्या करने की प्लानिंग है।

**जबाव:** एक साल में अपने कार्य से व्यक्ति संतुष्ट होगा तो वह आगे सुधार नहीं कर पाएगा। मैंने प्रयास किया कि संगठन बूथ स्तर पर मजबूत हो, कार्यकर्ताओं के विश्वास पर खरा उतरूं। पार्टी में हर स्तर पर विश्वास और समन्वय का वातावरण बने। केन्द्र और राज्य की योजनाएं कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन जन तक पहुंचे। इसका पूरा प्रयास किया। मुझे लगता है कि मैं इसमें अभी तक सफल भी रहा हूं।

### पुणे मर्डर केस: सिया ने केतन से...

पुलिस अब उस उस जगह का पता लगा रही है, जहां दोनों ने रिहर्सल की थी। पुलिस के मुताबिक, चेतन पुणे से करीब 90 किलोमीटर दूर लोहगढ़ किले तक स्कूटर से पहुंचा था। उसने कार का इस्तेमाल नहीं किया, ताकि टोल प्लाजा पर कार का रिकॉर्ड न बने। पुलिस ने वह स्कूटर जब्त कर लिया है। चेतन हुडी पहनकर किले पर चढ़ा था। वहां पहुंचने के बाद उसने हूडी उतार दी और काली टी-शर्ट में रहा। मर्डर के बाद लौटते समय उसने फिर हूडी पहन ली। घटना के बाद वह उसी स्कूटर से पुणे लौट गया।

### आदिवासी को मिला 11.19 कैरेट...

जिसे नियमानुसार पन्ना हीरा कार्यालय में जमा करा दिया। हीरा कार्यालय के अधिकारियों ने जांच के बाद इसे 11.19 कैरेट का उज्ज्वल किस्म का हीरा बताया है। हीरे की अनुमानित कीमत 30 लाख रुपये से अधिक हो सकती है। हालांकि, इसकी वास्तविक कीमत आगामी नीलामी में तय होगी। हीरा नगरी पन्ना में अक्सर मजदूरों की किस्मत चमकती रहती है। पिछले दो वर्षों में भी यहां की खदानों से कई कीमती हीरे निकल चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2024 में इसी परिवार को 19.22 कैरेट का हीरा मिला था, जो शासकीय नीलामी में करीब 93 लाख रुपये में बिका था।

### चढ़ावा चोरी: सभी आठों को भेजा...

वहीं, चढ़ावा चोरी मामले में पूर्व पदाधिकारियों चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव से पूछताछ की गई। उनके बयान दर्ज किए गए। वकील अनूप अवस्थी की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए कोर्ट ने पूछा कि इतनी जल्दी क्या है? छुट्टियों के बाद ही मामला सुना जाएगा। इधर, पुलिस सोमवार सुबह साढ़े 10 बजे जेल में बंद 8 आरोपियों के खाते खंगालने के लिए सीबीआई की अयोध्या धाम ब्रांच पहुंची। 7 आरोपियों के खाते इसी ब्रांच में हैं। पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट लिए। अब यह जांच की जाएगी कि मंदिर में नौकरी के बाद से उनके खातों में कितना पैसा आया। पुलिस ने बैंक के 2 कर्मचारियों को भी नोटिस दिया है।

### ई-रिक्शा पर केंद्र को अंतिम...

याचिका में इस संशोधन की वैधानिकता को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि यह संशोधन मोटर व्हीकल एक्ट के मूल स्वरूप का उल्लंघन करता है। इस छूट के कारण ई-रिक्शा चालकों को आरटीओ से ड्राइविंग लायसेंस और परमिट की आवश्यकता नहीं होती। कानून में कार्रवाई का प्रावधान न होने से इनका संचालन बेधड़क बढ़ रहा है और कई जगह नाबालिग भी ई-रिक्शा चला रहे हैं। ई-रिक्शा की इस अराजकता के चलते कुछ दिन पहले कलेक्टर ने हस्तक्षेप कर स्कूलों में इन पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।

### भारत में पहली बार रेडियो नहीं...

**इसरो और एएआई ने संयुक्त रूप से किया विकसित-** इसरो और एएआई द्वारा संयुक्त रूप से विकसित, भारत का एसबीएएस गगन भारतीय हवाई क्षेत्र में एलपीवी प्रक्रियाओं के लिए जरूरी कवरेज देता है और भारत को दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल करता है जिनके पास अपनी एसबीएएस क्षमता है। जैसे-जैसे ज्यादा एयरपोर्ट एलपीवी प्रक्रियाओं को अपनाएंगे और ज्यादा एयरलाइंस अपने विमानों को एसबीएएस क्षमता से लैस करेंगी, उम्मीद है कि गगन हवाई यात्रा को सुरक्षित, ज्यादा कुशल और सुलभ बनाकर भारतीय एविएशन के भविष्य में अहम भूमिका निभाएगा।

### रेप-मर्डर के दोषी व्यक्ति को फांसी...

दोपहर 3 से 4 बजे के बीच कांबले ने उसे खाने-पीने की चीजें और गाय का नवजात बछड़ा दिखाने का लालच देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद वह उसे मवेशियों के तबेले के पास बने एक शेड में ले गया, जहाँ उसने उसके साथ रेप किया और फिर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी। जज एसआर सालुंखे ने कहा- यह अपराध अत्यंत जघन्य तरीके से किया गया। इसमें पीड़िता के साथ अमानवीय व्यवहार और यातना शामिल थी। पीड़िता एक मासूम, असहाय बच्ची थी। यह हत्या सेक्स के लिए की गई,जो पूर्ण रूप से नैतिक पतन को बताती है। यह बिना किसी उकसावे के ठंडे दिमाग की हत्या है। यह अपराध इतनी बेरहमी से अंजाम दिया गया कि यह न केवल न्यायिक विवेक को, बल्कि समाज की अंतरात्मा को भी झकझोर देता है। बच्ची के वकील ने कहा- कांबले सुधरने योग्य नहीं है। इससे पहले वह एक 62 साल की महिला, एक 17 साल की लड़की और एक पशु के साथ भी अपराध कर चुका है। बले के वकील ने कोर्ट में उम्र का हवाला दिया। हालांकि, कोर्ट ने माना कि अपराधी की उम्र सजा कम करने का नहीं, बल्कि सजा बढ़ाने का कारण है। जज ने कहा- इस उम्र में भी आरोपी की वासना की प्यास नहीं बुझी, बल्कि यह एक अत्यंत खतरनाक स्तर पर पहुंच चुकी है। पीड़िता के शरीर पर पाई गई चोटें मात्र 3 साल की बच्ची के साथ आरोपी के अमानवीय व्यवहार को उजागर करती हैं। जज ने कहा- आरोपी ने बच्ची के साथ जो करना चाहा वह निडरता से, अत्यंत हिंसक तरीके से और बिना किसी परिणाम की परवाह किए किया, क्योंकि उसे पूर्व अनुभव था कि मुकदमे में भी कुछ नहीं होगा।

# ढाबे पर रंगदारी न देने पर कर्मचारी के हाथ-पैर तोड़े

**सतना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित आशीर्वाद ढाबे में रविवार रात दर्जनभर से अधिक युवकों ने जमकर उत्पात मचाया।

आरोपियों ने ढाबे में तोड़फोड़ करते हुए एक कर्मचारी के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान नकदी और मोबाइल फोन ले जाने का भी आरोप है। पूरी वारदात ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, ढाबे के कर्मचारी पुष्पराज दहिया ने पुलिस शिकायत में बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे यश सिंह, कार्तिक सिंह और अरविंद सिंह उर्फ छोटू ढाबे पर पहुंचे। तीनों ने शराब पीने के लिए 5 हजार रुपये की मांग की।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-नीलामी सूचना**
**पे एंड यूज टॉयलेट्स**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने देवास (प्लेटफोर्म), राजेंद्र नगर, नागदा (प्लेटफोर्म), खाचरोद एवं मेघनगर रेलवे स्टेशन स्थित पे एंड यूज टॉयलेट्स के लिये ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं. :** PnU-RTM-26-06 **अनुबंध का प्रकार :** पे एंड यूज टॉयलेट्स **लॉट नं. :** PnU-RTM-DWX-Toi-33-24-1, PnU-RTM-RJQ-Toi-12-22-1, PnU-RTM-NAD-Toi-37-24-1, PnU-RTM-KUH-Toi-38-25-1, PnU-RTM-MGN-Toi-36-24-2 (पे एंड यूज टॉयलेट्स) **अनुबंध की अवधि-**03 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिये ई-नीलामी दिनांक 13/07/2026 को 11.00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

Apex/115

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/07/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
पंधुरना एम पी, 013768073000362З, मंदसौर, नई आबादी मंदसौर, 0131710730022807, स्टेशन रोड मंदसौर, 0131720730048922, नीमच, मानसा, 0138270700005103, 0138270730010990, टागोर मार्ग नीमच, 0133340700022042, 2043, 0133340730044145, 4146, 4274, रतलाम, गायत्री टॉकिज रोड रतलाम, 0127740700021030, 1031, न्यू रोड रतलाम, 0129740730025966, स्टेशन रोड जलरा, 0131060700016302,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

**कार्यालय जेल अधीक्षक, सब जेल, खाचरौद जिला–उज्जैन (म.प्र.)**
Email-JssJkhachrod@mp.gov.in

क्रमांकः/495/निर्वाह/2026 खाचरौद, दिनांक 24/06/2026

**ई–टेण्डरिगं चतुर्थ ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**वार्षिक ठेका वर्ष 2026–27**

समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता हैं कि वर्ष 2026–27 में सब जेल खाचरौद में परिरूद्ध बंदियो हेतु म.प्र. जेल आपूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भडार क्रय नियम 2015 के तथा संशोधित–2022 तहत खण्ड (1) खाद्यान्न (3) स्वच्छता एवं भवन/विद्युत सामग्री आदि की पूर्ति के लिए वार्षिक निविदा– ई टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।

अतः ई–टेण्डरिंग आमंत्रण सूचना निम्नानुसार कार्यक्रम संसोधित किया जाता हैं, ई–निविदा की जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी निविदा कार्यक्रम का विवरण निम्नानुसार हैंः–

निविदा कार्यक्रम का विवरण

| क्र | विवरण | दिनांक / समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री–बिड मीटिंग | दिनांक 03.07.2026 सांय 05:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती हैं |
| 2 | निविदा फार्म करने की अंतिम तिथि । | दिनाक. 14.07.2026 सांय 5:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in आनलाईन स्वीकार की जावेगी |
| | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि । | दिनाक. 14.07.2026 सांय 5:00 बजे तक | www.mptenders.gov.in आनलाईन स्वीकार की जावेगी |
| 3 | नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | दिनाक 14.07.2026 सांयः 11:00 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक सब जेल खाचरौद जेल गेट पर प्रस्तुत की सकती है। |
| 4 | नमूनों का गुणपता परीक्षण की तिथि | दिनाक 15.07.2026 दोपहर 01:00 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक सब जेल खाचरौद जेल गेट पर प्रस्तुत की जा सकती है। |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि । | दिनांक 16.07.2026 दोपहर 01:00 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक सब जेल खाचरौद जेल गेट पर प्रस्तुत की जा सकती है। |
| 6 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि । | दिनांक 17.07.2026 प्रातः 11:00 बजे तक | कार्यालय जेल अधीक्षक सब जेल खाचरौद जेल गेट पर प्रस्तुत की जा साकती है। |

निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं निविदा में किया गया कोई भी संशोधन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा जिसकी सूचना सब जेल खाचरौद के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही सब जेल खाचरौद पर की जावेगी।

G-15038/26
''स्वच्छता ही सेवा''

सहायक जेल अधीक्षक
सब जेल खाचरौद (म.प्र.)